हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 जून 2024

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 26 .5 डिग्री

12 बरसात के मौसम में कमर, गर्दन व घुटने के दर्द के मरीजों की बढ़ रही ओपीडी



12 हल्की बरसात से मानसून का आगाज पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरा



## खबर संक्षेप

### ट्रेन में चढ़ते एप्पल का फोन उड़ाया

**रेवाड़ी।** दौसा जाने के लिए आश्रम एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री का एप्पल का फोन चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में दौसा निवासी आयुष बेनीवाल ने बताया कि वह दौसा जाने के लिए आश्रम एक्सप्रेस में चढ़ रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी जेब से एप्पल का फोन चोरी कर लिया। ट्रेन चलने के कारण वह नीचे नहीं उतर पाया। अंदर काफी प्रयास करने के बाद भी मोबाइल फोन का पता नहीं चला।

### वेयरहाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** खिजूरी में चोर एक वेयरहाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। लाधुवास अहीर निवासी धर्मेंद्र अपने दोस्त बलजीत की बाइक लेकर वेयरहाउस में नौकरी के लिए भर्ती में शामिल होने के लिए गया था। बाइक वेयरहाउस के बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। धारूहेड़ा पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने के बाद मारपीट करने और ब्लैकमेल करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र की एक महिला ने दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल करने का आरोपी लगाया था। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराने के बाद केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नारनौल के एक गांव निवासी सोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### संगवाड़ी स्कूल का ताला तोड़कर चोरी

**रेवाड़ी।** संगवाड़ी के सीनियर सैकंडरी स्कूल में प्राचार्य कक्ष का ताला तोड़कर चोर इन्वर्टर व बैट्री चोरी कर ले गए। स्कूल के प्राचार्य कर्मबीर ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि ग्रीष्मावकाश के कारण इस समय स्कूल बंद चल रहे हैं। स्कूल के चौकीदार ने उसे फोन पर बताया कि प्राचार्य कक्ष का ताला टूटा हुआ है। उसकी सूचना पर वह स्कूल पहुंचा तो कमरे से इन्वर्टर व बैट्री गायब मिले। उसने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी।

### भाई पर हमला करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** टींट में जमीनी विवाद को लेकर भाई के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को खोल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बयान में पीड़ित ने आरोप लगाया था कि खेत की जुताई करते समय उसके भाई सतबीर ने उस पर हमला कर दिया। इससे उसे काफी चोटें आई हैं। उसे ट्रॉमा सेंटर में दाखिल कराया गया था। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

## बीते साल मौसम की मार ने पहुंचाया था भट्टा मालिकों को नुकसान

# ईंट भट्टों पर मेहरबान रहा मौसम, डबल से ज्यादा हुआ उत्पादन, कल से संचालन बंद

### बार-बार बारिश के कारण ईंटों के उत्पादन में आई थी भारी कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

इस बार बारिश के लंबे इंतजार ने भले ही आमजन को जमकर परेशान किया हो, परंतु मौसम साफ रहना ईंट भट्टा संचालकों के लिए भारी फायदे का सौदा साबित हुआ। पिछले साल की तुलना में ईंटों का उत्पादन दोगुणा से भी ज्यादा हुआ है, जिससे ईंटों के दाम भी कम हुए हैं। भट्टों का संचालन 30 जून को अगले साल 31 मार्च तक के लिए बंद हो जाएगा। एनजीटी के आदेशों के अनुसार एनसीआर में प्रदूषण की समस्या को देखते हुए 1 अप्रैल से 30 जून तक ही भट्टों के संचालन की अनुमति दी जाती है। गत वर्ष अप्रैल माह से लेकर जून और इसके बाद तक बार-बार बरसात होती रही थी। ईंधन गीला होने और तैयार कच्ची ईंटों के खराब होने के कारण एक ओर जहां भट्टा मालिकों को नुकसान का सामना करना पड़ा था, तो दूसरी ओर ईंटों के उत्पादन में भी भारी कमी आई थी। ईंट भट्टों पर समय से पहले ईंटों का स्टॉक कम हो गया था, जिससे ईंटों के दाम भी आसमान छूने लगे थे। इस बार मौसम भट्टा मालिकों के लिए वरदान साबित हुआ है। बारिश नहीं होने के कारण इस बार उन्हें कच्ची ईंटों के खराब होने से छुटकारा मिला रहा। ईंधन सूखा होने के कारण समय पर ईंटों का अच्छा पकाव होता रहा। इससे ईंटों का उत्पादन डबल से ज्यादा हो गया। साथ ही ईंटों की क्वालिटी भी इस बार गत वर्ष की तुलना में काफी अच्छी मानी जा रही है। भट्टा मालिकों के लिए पर्याप्त स्टॉक तैयार हो चुका है, जिससे इस बार समय से पहले ईंटों की कमी नहीं आएगी। मानसून की शुरूआत ऐसे समय पर हो रही है, जब भट्टों के संचालन की मियाद पूरी होने जा रही है।



रेवाड़ी। महेन्द्रगढ़ रोड पर ईंट भट्ठे की चिमनी से निकलता धुआं।

#### बाहर से भी हो रही ईंटों की आवक

भवन निर्माण करने वाले लोगों को पड़ोसी राज्यों और जिलों से आने वाली ईंटों से भी काफी हद तक राहत मिल रही है। ईंटों की सप्लाई पड़ोसी राजस्थान और पंजाब से भी होने लगी है। इसके साथ-साथ झज्जर, रोहतक और भिवानी आदि जिलों से भी अच्छी क्वालिटी की सस्ती ईंटें आ रही हैं, जिस कारण लोग अब जिले के भट्टों पर ज्यादा डिपेंड नहीं हैं। बाहर से सप्लाई के कारण रेट कंट्रोल में हैं।

#### इस बार कंट्रोल में रहेंगे ईंटों के दाम

उत्पादन में कमी के कारण गत वर्ष ईंटों के दाम काफी बढ़ गए थे। जिले में लगभग 100 ईंट भट्टे हैं। उत्पादन में कमी के कारण भट्टों पर ही ईंटों के दाम प्रति हजार 6500 रुपये तक पहुंच गए थे। इस बार उत्पादन अच्छा होने के कारण ईंटों के दाम भट्टों पर 5500 से 6000 रुपये प्रति एक हजार बने हुए हैं। ईंट भट्टों पर अच्छा स्टॉक मौजूद होने के कारण भट्टे बंद होने के बाद भी भाव में ज्यादा तेजी की संभावना नहीं है, जिससे भवन निर्माण करने वाले लोगों को राहत मिली रहेगी।

#### अंडर कंट्रोल बना रहा प्रदूषण लेवल

बीते साल समय-समय पर होने वाली बरसात के कारण भट्टों पर इस्तेमाल किया जाने वाला ईंधन भीगता रहा था। इसके बाद गीले ईंधन से भट्टों की चिमनियों ने काफी ज्यादा धुआं उगला था। तीन माह के दौरान एक्यूआई 300 से पार बना रहा था। ईंधन सूखा रहने के कारण इस बार पर्यावरण पर भी भट्टों के संचालन ने विपरीत प्रभाव नहीं डाला। भट्टों का संचालन शुरू होने के बाद भी एक्यूआई का लेवल 200 से कम बना रहा, जिससे प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने भी राहत महसूस की।

#### एक अप्रैल से बंद होंगे सभी ईंट भट्टे

ईंट भट्टों को चलाने के लिए एनजीटी ने 30 जून तक समय सीमा निर्धारित की हुई है। इस अवधि के बाद अगर कोई भट्टा चलता हुआ मिलेगा, तो उसके खिलाफ बोर्ड की ओर से एक्शन लिया जाएगा।
*-हरीश कुमार, आरओ, एचएसपीसीबी।*



#### मौसम ने खूब दिया इस बार साथ



गत वर्ष रेनी सीजन बना रहने से भट्टा मालिकों को काफी नुकसान हुआ था। इस बार मौसम भट्टा संचालकों पर मेहरबान बना रहा है। ईंटों का उत्पादन अच्छा हुआ है, जिससे इसके दाम भी नियंत्रण में रहेंगे।
*-मुकेश कुमार, महासचिव, भट्टा एसोसिएशन।*



रेवाड़ी। डीआरओ को ज्ञापन देते हुए एनएचएम कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

## मांगों को लेकर सात जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे एनएचएम कर्मचारी

- प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ को ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ राकेश कुमार को ज्ञापन दिया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष विशाल धनखड़ ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास करनाल का घेराव करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के कार्यरत कर्मचारी शामिल होंगे, जिसके कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों के समाधान के लिए 20 जून को सरकार के साथ बातचीत कोशिश की थी तथा मांगे परूी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया था। परन्तु प्रशासन ने मांगों का समाधान करने के स्थान पर कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने आरम्भ कर दिए है, जिसके तहत न केवल 2018 में जारी किए गए सेवा नियमों को फ्रीज करने के आदेश दिए बल्कि मई 2024 मास के वेतन तथा जनवरी 2023 से अब तक का बजट देने से भी इंकार कर दिया है, जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से एनएचएम कर्मचारियों की 25 वर्षों से दी रही सेवाओं को ध्यान में रखते हुए एक पॉलिसी बनाकर नियमित करने की मांग की। पालिसी बने तब तक उन्हें सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, एक्सप्रेसिया तथा अपील और सजा हरियाणा सिविल सर्विस रूल अनुसार प्रदान की जाए। एनएचएम को 7वें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। सेवा नियमों में रह गई त्रुटियों व वेतन विसंगतियों को ठीक करने के लिए संघ के साथ वार्ता करके उन्हें दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि वित विभाग की ओर से नसिंर्ग ऑफिसर का ग्रेड-पे 4200 से 4600 तथा एएनएम का ग्रेड-पे 2400 से 4200 किया गया है, परन्तु एनएचएम में नसिंर्ग ऑफिसर व एएनएम को अभी भी पुराने ग्रेड-पे के अनुसार वेतन दिया जा रहा है।

## तीन कॉलोनियों के कुछ अनअप्रूव्ड हिस्सों को अप्रूव्ड करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के दर्जनों कॉलोनी वासियों ने शुक्रवार को भाजपा नेता सतीश खोला के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को गढ़वाल कॉलोनी, रामसिंहपुरा व दुर्गा कॉलोनी के कुछ हिस्से को अप्रूव्ड करने के लिए मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि मौहल्ला रामसिंह पुरा पहले से ही अप्रूव्ड है, परंतु गली नंबर 1 के साथ वाला लगभग 25 से 30 एकड़ का एरिया अनअप्रूव्ड कर दिया गया। नगर परिषद ने कुछ प्लाटों व मकान की प्रॉपर्टी आईडी भी बना दी थी वहां पर विकास कार्य भी हो रहे थे तथ लोगों ने यहां पर प्लाट भी खरीदे हुए हैं व आधे से ज्यादा मकान भी बनाए हुए हैं, परंतु करीब 9 महीने पहले इस जगह को अनअप्रूव्ड कर दिया गया। गढ़वाल कॉलोनी पहले से अप्रूव्ड थी, जिसका नगर परिषद में हाउस टैक्स व डेवलपमेंट चार्ज जमा किया हुआ है। वार्ड नंबर 28 के वोटर भी है, परंतु इस कॉलोनी को भी 8 महीने पहले अनअप्रूव्ड कर दिया। दुर्गा कॉलोनी के साथ गली नंबर 6,7,8,9 में कुछ हिस्सा रोड के साथ ही अप्रूव किया जाए ताकि इसमें भी विकास कार्य हो सकें।



रेवाड़ी। भाजपा नेता को ज्ञापन सौंपते नागरिक। *फोटो : हरिभूमि*

### मकान के बाहर सो रहे व्यक्ति पर किया हमला

**धारूहेड़ा।** रसगण में निर्माणाधीन मकान के बाहर सो रहे एक व्यक्ति पर गांव के ही युवक ने हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। ट्रॉमा सेंटर में दाखिल अभयसिंह ने बताया कि डूंगरवास की ओर जाने वाले रास्ते पर वह मकान बना रहा है। वह सामान की रखवाली के लिए रात को वहीं सोता है। रात के समय जब वह बाहर सो रहा था, तो गांव का विनय मोबाइल फोन पर बात करते हुए वहां आ गया। वह काफी देर तक वहीं खड़ा रहा। अभयसिंह ने आरोप लगाया कि जब उसने विनय से वहां खड़े रहने का कारण पूछा, तो गाली-गलौज करते हुए उसने नुकली चीज से उस पर हमला कर दिया।

## महेन्द्रगढ़ रोड पर चली डीटीपी की जेसीबी

- दो एकड़ में अवैध कॉलोनी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को डीटीपी विभाग की टीम ने रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ पर अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी मंदीप सिहाग के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महेन्द्रगढ़ रोड पर गांव कानमाजरा पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। टीम ने 4 डीपीसी व 1 चारदीवारी, को ध्वस्त कर दिया।



रेवाड़ी। महेन्द्रगढ़ रोड पर अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

#### अवैध कॉलोनी में प्लाट न खरीदें लोग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोगों को बार-बार बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है।



### विकास नगर में सीवरेज जाम, लोग परेशान

**रेवाड़ी।** शहर के मौहल्ला विकास नगर की गली नंबर-7 में जमा सीवरेज के गंदे पानी से लोगों का बदबू से बुरा हाल है। लोगों को इस गंदे पानी के बीच से होकर ही निकलना पड़ रहा है। सीवरेज सिस्टम जाम होने से गंदा पानी पिछले कई महीनों से गली में भरा हुआ है। मौहल्लावासी अभय सिंह सोनी, कांता, सरस्वती देवी, छाजूराम, मास्टर बलीपाल, कांता, जयसिंह यादव का कहना है कि पहले उनका सीवर खुला था, लेकिन गली के अंतिम छोर पर अब प्रशासन ने पार्क बनाने के लिए दीवार बना दी और सीवर को भी बंद कर दिया, जिसके कारण घरों का पानी गली में भर जाता है। कुछ हद तक गली का पानी भी नाली के रास्ते बाहर जा रहा था, लेकिन गली के अंतिम छोर पर बने एक मकान मालिक की ओर से घर के सामने मिट्टी डालकर बांध बना दिया, जिससे पानी की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर वह कई बार अधिकारियों व पार्षद से संपर्क कर चुके है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## हरिनगर टी प्वाइंट पर सुरक्षा के इंतजाम को लेकर धरना

- नागरिकों ने मंत्रियों के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जन संघर्ष कमेटी की ओर से शुक्रवार को हरिनगर फ्लाईओवर टी प्वाइंट पर सड़क सुरक्षा के इंतजाम कराने की मांग को लेकर कमेटी के संयोजक सुरेन्द्र यादव की अगुवाई में राजीव चौक के पास धरना दिया गया। कमेटी की ओर से दो घंटे धरना देने के बाद जिला प्रशासन के माध्यम से सड़क एवं परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंच संचालन ओमप्रकाश सैन ने किया तथा कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने हरिनगर टी प्वाइंट फ्लाईओवर निर्माण में बरती गई खामियों के बारे अवगत कराया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि छोटी-छोटी बातों के लिए जनता को धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है और सरकार आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है, जबकि जनता के जान की सुरक्षा का दायित्व सरकार का बनता है। धरने पर कैलाश चंद कार्यकारी अध्यक्ष एम्स संघर्ष समिति, सुबेदार मंजीत सिंह पुंसिका, बीर सिंह प्रधान, विजय पाल मोहनपुर, विजय सिंह सेक्टर-4, मूलचंद आर्य, पारस एडवोकेट, रणबीर एडवोकेट, रामकुमार निमोठ, रामस्वरूप अहरोदिया, एन के शर्मा हरिनगर, सुरेंद्र यादव एडवोकेट, सूर्यकांत एडवोकेट व अमरसिंह राजपुरा सहित अनेक नागरिक थे।




रेवाड़ी। टी-प्वाइंट पर सुरक्षा को लेकर ज्ञापन देने जाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## जमीनी विवाद में किसान पर हमला, दो पर केस दर्ज

- अस्पताल में उपचाराधीन राजेंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि वह अपने खेत में खाद की बुआई कराने के बाद चारपाई ठीक कर रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

नांधा में खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अस्पताल में उपचाराधीन राजेंद्र ने पुलिस बयान में बताया कि वह अपने खेत में खाद की बुआई कराने के बाद चारपाई ठीक कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही जयंत व राजेंद्र कुल्हाड़ी लेकर वहां पहुंच गए। दोनों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पास में ही खेत में काम कर रहे उसके भाई और भतीजे ने वहां आकर उसे छुड़वाया। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों आरोपी उसे धमकी देकर वहां से भाग गए। परिजनों ने उसे खोल सीएचसी में दाखिल कराया गया, जहां से उसे ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने उसके बयान पर दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

## पूर्व विधायक ने राजनीतिक जीवन की निर्णायक पारी खेलने का मन बनाया

# भारी पड़ सकती है कापड़ीवास की दावेदारी, फिर मैदान में उतरने की तैयारी

- रेवाड़ी की समस्याओं को लेकर एक बार फिर बढ़ाई बुजुर्ग नेता ने सक्रियता

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के बाद पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ऐसे नेता हैं, जिनका रेवाड़ी हलके में अपना खुद का मजबूत जनाधार है। गत विधानसभा चुनावों में टिकट की जंग में मात खाने के बाद कापड़ीवास खुली बगावत करते हुए राव समर्थित प्रत्याशी को मात देने के लिए निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। कापड़ीवास भले ही टिकट की जंग में हार गए हों, लेकिन भाजपा प्रत्याशी को हराकर वह वर्चस्व की जंग में राव को पूरी तरह मात देने में सफल हुए थे। इस बुजुर्ग नेता ने अचानक रेवाड़ी हलके की प्रमुख समस्याओं के समाधान का बीड़ा उठाते हुए सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात करने के बाद एक बार फिर से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। कापड़ीवास के ताल ठोकने से टिकट के कई दावेदारों को बड़ा झटका लगा है। नब्बे के दशक से इस हलके की राजनीति में पदार्पण करने वाले रणधीर सिंह कापड़ीवास अकेले ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने कैप्टन अजय सिंह यादव को वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में पहली बार मात दी। इससे पूर्व कैप्टन को इस सीट पर कोई नहीं हरा पाया था। कैप्टन को पहले भी वह दो बार कड़ी टक्कर दे चुके थे। गत विधानसभा चुनावों में राव इंद्रजीत सिंह की जिद के कारण कापड़ीवास टिकट से वंचित रह गए थे, लेकिन उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरकर राव समर्थित सुनील मुसेपुर को चुनाव हरा दिया था। पार्टी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें 6 साल के लिए निलंबित कर दिया था, परंतु नायब सिंह सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी संभालते ही उन्हें फिर से भाजपा ज्वाइन करा दी थी। इस हलके में उनके भतीजे मुकेश कापड़ीवास ने चुनाव लड़ने को लेकर सक्रियता बढ़ाई हुई है, लेकिन खुद रणधीर एक बार फिर से इस सीट पर चुनाव लड़ने का इरादा जाहिर कर चुके हैं।



रणधीर सिंह कापड़ीवास



राव इन्द्रजीत सिंह



नायब सैनी

#### कई दावेदारों को लग सकता है बड़ा झटका

इस सीट पर भाजपा में टिकट के दावेदारों की फेहरिस्त लंबी हो चुकी है। पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव खुद चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए समय से पहले चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर चुके हैं। भाजपा में शामिल हुए सतीश यादव भी टिकट के दावेदार हैं। पूर्व प्रत्याशी सुनील मुसेपुर एक बार फिर इस हलके से राव की बदौलत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। मुकेश की जगह रणधीर सिंह की दावेदारी अन्य सभी पर भारी पड़ सकती है।

#### उम्र की सीमा को लेकर नहीं कोई चिंता

उम्र की सीमा को लेकर कापड़ीवास ने स्पष्ट किया है कि बदले हुए राजनीतिक हालात में ऐसा कुछ नहीं है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से बात हो चुकी है। लोकसभा चुनावों के बाद 85 साल के सांसद को मंत्री बनाया गया है। ऐसे में उनके लिए टिकट की राह में उम्र बाधा हरगिज नहीं बनेगी। कापड़ीवास ने इस बात के संकेत भी दिए हैं कि वह किसी नेता के साथ तब तक विरोध की नीति को आगे नहीं बढ़ाएंगे, जब तक की सामने वाला ऐसा नहीं करेगा।

### बिजली केबल चोरी का सिलसिला जारी

**नाहड़।** किसानों के नलकूपों से बिजली की केबल चोरी करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। नाहड़ गांव में चोर एक किसान के नलकूप से हजारों रुपये की बिजली केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में प्रेमप्रकाश ने बताया कि वह अपने खेत में गया तो नलकूप की 210 फुट लंबी केबल चोरी की हुई थी। उसने आसपास चोरों का पता लगाने के प्रयास किए, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी।

**हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी पंचकुला के अंतर्गत स्लम जागृती समिति धारूहेड़ा रेवाड़ी में सेवाएं प्रदान करने के लिए**

**आवश्यकता है**

1) Project Manager (TI)-01
Qualification- MSW, MA (Socielogy)
2) Counselor (TI)-01
Qualification- MSW, MA(Socielosy)
3) M&E Cum Accountant (TI)-01
Qualification- B.Com
4) Out Reach worker (TI)-06
Qualification- 10Pass
5) Part Time Doctor-01
अनुभव तीन साल एचआईवी व स्वास्थ्य कार्यक्रम में भाग लेने की दक्षता

सभी पदों के लिए आवेदन 30 जून रविवार तक स्वीकार किये जाएंगे।
Email- rakeshhumana@gmail.com. पर अपना बायोडाटा भेजकर आवेदन कर सकते हैं।

**WALK-IN-INTERVIEW 30 June 2024 at 11:00 A.M.**
Address:-Plot No 999 - Sector-6 Dharuhera. Pin 123106,
Mob.-8607554777


जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग


तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।

# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड


कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कर संवार सकते हैं अपना करियर

# आज के समय में आयुर्वेद के डॉक्टर की काफी मांग, नौकरी के बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

शिक्षा के छेत्र में विद्यार्थी के सामने कहीं प्रकार के डिग्री और डिप्लोमा क्षेत्र मौजूद होते हैं। विद्यार्थी किसी भी तरह के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के जरिए अपने करियर को संवार सकता है। विद्यार्थी के लिए साधारण तरीके की कई डिग्रियां की जाती है और अपने करियर को बनाने के लिए प्रयास किए जाते हैं। विद्यार्थी दसवीं कक्षा पास करने के बाद और 12वीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विचलित हो जाता है कि आगे उसे क्या करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए कई प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा कोर्स मौजूद होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको बीएएमएस के बारे में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।



### अच्छी आमदनी का जरिया

आज के समय में भारत में आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए विद्यार्थी खासतौर से प्रयास कर रहे हैं। भारत में आयुर्वेद का भविष्य आप नजर आ रहा है। आयुर्वेद के दम पर भारत के मार्केट में अच्छा पैसा भी कमाया जा रहा है। आयुर्वेद में डिप्लोमा और डिग्री कोर्स करने के बाद विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर के तौर पर कार्यरत हो सकता है आयुर्वेद डॉक्टर बनने के लिए जरूरी बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल एंड सर्जरी होती है। इस डिग्री को लेकर विद्यार्थी आयुर्वेद डॉक्टर बन सकते हैं। बीएएमएस कोर्स जो 5 साल की अवधि के लिए विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होने वाला कोर्स है। यह को भी एमबीबीएस डिग्री की तरह 5 साल और 6 महीने में पूरा होता है। बीएएमएस का फुल फोर्म बेचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड सर्जरी होता है।

### जरूरी योग्यताएं

डॉक्टर के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सपना लाखों लोगों का होता है। लेकिन डॉक्टर बनने के लिए जो जरूरी पोस्ट होते हैं। उनके लिए योग्यता का मापदंड भी निर्धारित किया जाता है। विद्यार्थी जो बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों के लिए नीचे दी गई निम्नलिखित योग्यता मापदंड को पूरा करना बहुत जरूरी है।

- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।
- विज्ञान वर्ग में विद्यार्थी को जीव विज्ञान के साथ 12 वीं कक्षा अच्छे अंकों के साथ बात करनी है।
- बारहवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी इंट्रेंस एग्जाम में पास होना जरूरी होता है।
- विद्यार्थी के 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।

## 5 साल और 6 महीने का कोर्स



### कितनी होती फीस

*जब विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करना चाहता है तो सबसे पहले विद्यार्थी फीस का आकलन लगाता है। यहां सरकारी कॉलेज में 15000 से लेकर 30000 तक की प्रति वर्ष की फीस आपको देनी होती है। इसके लिए सबसे पहले एंट्रेंस एग्जाम पास करके आपको सरकारी कॉलेज में दाखिला लेना होगा। अन्यथा यदि आप प्राइवेट कॉलेज के माध्यम से यह पोस्ट करते हैं, तो आपको करीब 300000 से लेकर 1500000 सालाना फीस देनी होगी। विद्यार्थी के पास किसी भी तरह की डिग्री लेने के बाद भविष्य में अलग-अलग तरीके करियर ऑप्शन मौजूद होते हैं। जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स कर चुका है। उस विद्यार्थी के लिए नीचे दिए गए निम्नलिखित भविष्य के इसको मौजूद हो जाते हैं। विद्यार्थी भविष्य की पढ़ाई के तौर पर मास्टर डिग्री लेकर नीचे दिए गए विकल्प का चयन कर सकता है और इन क्षेत्रों में मास्टर डिग्री प्राप्त कर सकता है।*

*लेक्चरर, थेरेपिस्ट, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट, साइंटिस्ट, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, जूनियर क्लीनिकल ट्रायल कॉर्डिनेटर, एरिया सेल्स मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव ।*

### जॉब के अवसर

जब विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर लेता है। तो विद्यार्थी को अच्छी नौकरी भी मिल जाती है। विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स करने के बाद कहां पर नौकरी कर सकता है। उसकी सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- हॉस्पिटल
- नृसिंग होम
- क्लीनिकल ट्रायल्स
- एजुकेशन
- हेल्थकेयर आईटी
- इंसोरेंस सेक्टर
- आयुर्वेदिक रिसोर्ट
- स्पा रिसोर्ट
- कॉलेजेस
- फार्मेसी सेक्टर
- रिसर्च इंस्टीट्यूट
- पंचकर्म आश्रम
- गवर्नमेंट हॉस्पिटल
- प्राइवेट हॉस्पिटल
- लाइफ साइंस सेक्टर

### सैलरी

विद्यार्थी के लिए किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने का पहला मकसद उस डिग्री व डिप्लोमा कोर्स करने के बाद जहां पर उसे नौकरी मिलेगी वहां सैलरी कितनी मिल सकती है। विद्यार्थी सबसे पहले सैलरी का आकलन करता है। बीएएमएस करने के बाद जो विद्यार्थी डॉक्टर बन जाते हैं। उनकी वेतन की बात की जाए तो उम्मीदवार अपने टैलेंट के दम पर अच्छा पैसा कमा सकते हैं यहां उम्मीदवार को 400000 प्रति महीने से लेकर 1200000 रुपए प्रति महीना कमाने का मौका मिलता है।



### ऐसे करें कोर्स

**जो विद्यार्थी बीएएमएस कोर्स करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को पूरा करना होगा।**

**12वीं कक्षा पास करें** : विद्यार्थी को सबसे पहले कोई भी डिग्री लेने के लिए 12वीं कक्षा पास करनी होगी। बीएएमएस का कोर्स करना चाहते हैं। तो आपको सबसे पहले विज्ञान वर्ग यानी कि जीव विज्ञान में 12वीं कक्षा पास करना बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

**एंट्रेंस एग्जाम पास करें** : विद्यार्थी को इस डिग्री लेने के लिए दूसरे चरण के तौर पर एक एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। यह एंट्रेंस एग्जाम एमबीबीएस की डिग्री इस तरह ही होता है। नीट एग्जाम को पास करके भी विद्यार्थी बीएएमएस का कोर्स कर सकते हैं। इसके अलावा भी राष्ट्रीय स्तर पर कई अन्य एंट्रेंस एग्जाम होते हैं। जो अलग-अलग कॉलेज और अलग-अलग क्षेत्रों में करवाए जाते हैं। आप उनमें से किसी भी एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेकर बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिल हो सकते हैं।

**कॉलेज में दाखिला लेकर बीएएमएस की पढ़ाई करना** : एंट्रेंस एग्जाम पास होने के बाद विद्यार्थी को बीएएमएस कोर्स के लिए कॉलेज में दाखिला मिल जाता है। उसके पश्चात विद्यार्थी को 5 साल और 6 महीने यानी कि कुल 11 सेमेस्टर की पढ़ाई करते हुए बीएएमएस का कोर्स पूरा करना होगा और उसके पश्चात बीएएमएस डिग्री का सर्टिफिकेट हासिल करना होगा।

**सर्वश्रेष्ठ कॉलेज :** भारत में हजारों की संख्या में कॉलेज मौजूद है। लेकिन जब किसी भी डिग्री के लिए भारत के लोकप्रिय कॉलेज और भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की बात आती है। तब उनमें से कुछ कॉलेज का नाम टॉप पर आता है। उसी प्रकार से बीएएमएस कोर्स करने के लिए भारत के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं।

- आयुर्विज्ञान संस्थान (बीएचयू)
- राजीव गांधी स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
- उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय हर्रावाला
- राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
- स्वास्थ्य विज्ञान के महाराष्ट्र विश्वविद्यालय
- पतंजलि आयुर्वेद कॉलेज, हरिद्वार
- सुमतिभाई शाह आयुर्वेद महाविद्यालय मालवाड़ी, पुणे
- डॉ डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय, नवी मुंबई
- विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय, अमरावती
- सीएच ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, नई दिल्ली

---

# सपनों की ओर उड़ान: आपकी क्षमता और आपका भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी भारत के भविष्य की नींव है। आपके भीतर असीमित ऊर्जा, शक्ति और संभावनाएं छिपी हैं। एक ऐसी शक्ति जो दुनिया को बदलने की क्षमता रखती है। लेकिन इस शक्ति का सही उपयोग कैसे करें? यही प्रश्न आज का सबसे महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, सपने देखना महत्वपूर्ण है। बिना सपनों के कोई भी बड़ी सफलता संभव नहीं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था, सपने वे नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, सपने वे हैं जो हमें सोने नहीं देते। आपके सपने आपके भविष्य का नक्शा हैं। जो भी आपको प्रेरित करता है, उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाइए। शिक्षा, खेल, कला या विज्ञान हर क्षेत्र में आपके सपने बुनियादी भूमिका निभाते हैं।

## मेहनत और समर्पण का विकल्प नहीं

दूसरी बात, मेहनत और समर्पण का कोई विकल्प नहीं है। महानता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक है। कभी-कभी परिस्थितियाँ कठिन हो सकती हैं, लेकिन यह याद रखें कि कठिनाइयाँ ही आपके चरित्र का निर्माण करती हैं। अगर आप अपने सपनों के प्रति समर्पित हैं, तो कोई भी बाधा आपकी प्रगति को नहीं रोक सकती। तीसरी बात, सीखने की निरंतरता को बनाए रखें। ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती, और नई चीजें सीखने का जुनून आपको हमेशा आगे बढ़ाता है। अपने गुरुजनों से सीखें, अपने साथियों से प्रेरणा लें, और स्वयं को हर दिन एक नया सीखने का लक्ष्य दें। अगला कदम है सकारात्मकता। एक सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल आपको मुश्किल समय में संभालता है, बल्कि यह आपकी रचनात्मकता को भी बढ़ाता है। जब आप अपनी चुनौतियों का सामना सकारात्मकता से करते हैं, तो समाधान ढूंढना आसान हो जाता है। जीवन में हर परिस्थिति से कुछ न कुछ सीखने की कोशिश करें और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। अंत में, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपकी सफलता का असली मापदंड वह होता है जब आप अपने समाज को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं। अपनी उपलब्धियों को समाज के उत्थान में प्रयोग करें। दूसरों की मदद करें, पर्यावरण की रक्षा करें, और समाज की भलाई के लिए अपने ज्ञान और संसाधनों का उपयोग करें। युवा मित्रों, आप ही वो धारा हैं जो देश को नई दिशा में ले जा सकते हैं। आपका प्रत्येक कदम एक नई कहानी लिख सकता है। बस अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ, और यकीन मानें, आप वो हासिल करेंगे जो आपने कभी सोचा भी नहीं होगा। सपने देखें, मेहनत करें, सीखते रहें, सकारात्मक रहें, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यही आपकी सफलता की कुंजी है।

**सपने देखें** : बड़े लक्ष्य निर्धारित करें।

**मेहनत करें**: कड़ी मेहनत व समर्पण से बाधा पार करें।

**निरंतर सीखें**: ज्ञान की खोज कभी बंद न करें।

**सकारात्मक रहें**: चुनौतियों को अवसर में बदलें।

"अपनी सफलता से समाज को लाभ पहुंचाएं। ज्ञान की खोज कभी बंद न करें। ज्ञान की प्यास ही वह तत्व है जो मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाता है। निरंतर सीखना न केवल एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, बल्कि यह हमारे जीवन को प्रेरणा और उत्साह से भर देता है।

## दुनिया के साथ तालमेल बिठाएं

यह हमें बदलती दुनिया के साथ तालमेल बिठाने, नए अवसरों को पहचानने और व्यक्तिगत व पेशेवर विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। जब हम ज्ञान प्राप्त करते रहते हैं, तो हम अपनी सोच को विस्तारित करते हैं। नए विचार और अवधारणाएँ हमारी समस्याओं को हल करने के नए तरीके सुझाती हैं। शिक्षा सिर्फ औपचारिक स्कूली ज्ञान तक सीमित नहीं है; यह जीवन के हर क्षेत्र में फैली हुई है। नई भाषाएँ सीखना, विभिन्न संस्कृतियों को समझना, नई तकनीकों को अपनाना – ये सब हमारे ज्ञान को समृद्ध करते हैं।

निरंतर सीखने का एक और लाभ यह है कि यह हमें आत्मविश्वासी बनाता है। जब हम नई चीजें सीखते हैं और उन्हें प्रभावी ढंग से उपयोग करते हैं, तो हमें अपने कौशल पर गर्व होता है। इससे हमारी आत्म-छवि और आत्म-सम्मान में वृद्धि होती है, जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करता है। इसके अतिरिक्त, ज्ञान का निरंतर अन्वेषण हमें विविध दृष्टिकोण अपनाने की क्षमता देता है। हम विभिन्न मुद्दों को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं और अपने विचारों को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से व्यक्त कर सकते हैं। इससे हमें समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है। चुनौतियों को अवसर में बदलें, जीवन में चुनौतियाँ अपरिहार्य हैं। ये हमें विभिन्न प्रकार के संघर्षों और समस्याओं से परिचित कराती हैं। लेकिन इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का नजरिया ही हमारी असली परीक्षा होती है। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल हमें कठिनाइयों का सामना करने में मदद करता है, बल्कि यह हमें उन कठिनाइयों से सीखने और विकसित होने का अवसर भी देता है। जब हम सकारात्मक रहते हैं, तो हम हर स्थिति का सकारात्मक पक्ष देख सकते हैं। चाहे वह एक असफलता हो या एक अप्रत्याशित समस्या, सकारात्मक दृष्टिकोण हमें इससे सीखने और बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप




### लघु सचिवालय में किया वाटर कूलर का शुभारंभ

**रेवाड़ी।** एडीसी अनुपमा अंजली ने शुक्रवार को दीवान फोरव्हील्स कंपनी की ओर से लघु सचिवालय में प्रथम तल पर लगाए गए वाटर कूलर व आरओ सिस्टम का रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल से बढ़कर दूसरी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में सचिवालय परिसर में आने वाले आमजन की प्यास बुझाने के लिए यह वाटर कूलर व आरओ सिस्टम उपयोगी होगा। उन्होंने कंपनी के इस पुनीत कार्य की सराहना की।

### दुकानदार के साथ मारपीट के बाद खोखा तोड़ा

**रेवाड़ी।** जाटूवास गांव में शराब ठेके पास कोल्ड ड्रिंक का खोखा रखने वाले दुकानदार के साथ कई युवकों ने जमकर मारपीट करते हुए उसका खोखा तोड़ दिया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में जाटूवास निवासी अंतुल ने बताया कि उसने तीन साल से शराब ठेके के लिए अपनी जमीन किराए पर दी हुई है। वीरवार को दोपहर के समय बिठवाना निवासी आकाश और उसका एक साथी शराब ठेके पर आए। उन्होंने सेल्समैन संजय से उधार में बीयर की बोतल मांगी। सेल्समैन ने उधार में बीयर देने से मना कर दिया, तो इन लोगों ने उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। उसने दोनों को समझाकर वहां से भेज दिया।

### ब्राह्मण सभा की आमसभा कल

**रेवाड़ी।** ब्राह्मण सभा की ओर से 30 जून को सभा की आमसभा का आयोजन किया जाएगा। सभा प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ ने बताया कि सभा के प्रधान चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में होने वाली सभा में सभी कॉलेजियम सदस्यों का आना अनिवार्य है। सभा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे किया जाएगा। सभा में पिछले वर्ष 2023-24 में किए गए कार्यो, प्रगति रिपोर्ट व सभा के कॉलेजियम गठन का प्रारूप हरियाणा फर्म एंड सोसायटी एक्ट 2012 नियम अनुसार अनुमोदित करना तथा अन्य एजेंडे के बारे में विचार किया जाएगा। सभा उप प्रधान दीपक मुदगिल एडवोकेट ने सभी कॉलेजियम सदस्यों से आमसभा में आने का आह्वान किया है।

### 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत' कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 30 जून को पंजाबी धर्मशाला में प्रभु चरणों में समर्पण का कार्यक्रम 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत-दुनिया क्या जाने' का आयोजन किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि समाजसेवी कैप्टन वीर सिंह यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि व नवप्रेरणा के प्रधान हरीश मलिक विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से विजय कुमार शर्मा महासचिव अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा हरियाणा, दयाराम आर्य जिला प्रधान पतंजलि योग सेवा समिति, कुमारी श्रुति आर्या ओजस्वी वक्ता व शिक्षक यतीश सिंहल का अभिनंदन किया जाएगा तथा समाजसेवी प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

### बाल भवन में चार दिन होंगे फ्री मैजिक शो

**रेवाड़ी।** आगामी 4 से 7 जुलाई तक बाल भवन में विश्व विख्यात जादूगर सम्राट शंकर जिलावासियों को जादूई दुनिया की सैर कराएंगे।



सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा के तत्वावधान व जिला प्रशासन के सहयोग से जादू शो का आयोजन किया जा रहा है। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर प्रतिदिन दो शो की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि जादू शो में आमजन के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। सम्राट शंकर का जादू शो प्रतिदिन दोपहर 1 बजे व सायं 7 बजे से आयोजित होंगे।

## एडीसी अनुपमा अंजलि ने लिया शहर के नालों की सफाई का जायजा

# बरसात से होने वाले जलभराव की स्थिति से निपटने के फील्ड में उतरे अधिकारी







रेवाड़ी। ब्रास मार्केट में जायजा लेती एडीसी अनुपमा अंजलि, नया बाजार में जायजा लेते हुए एडीसी तथा बावल रोड पर सड़क किनारे तीन दिन से जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

- अधिकारियों को दिए निर्देश सभी नालों की सफाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दो दिन हुई बरसात ने शहर की व्यवस्था बिगाड़ दी है। अभी भी शहर की कई सड़कों पर बरसात का पानी जमा है, जिसका मुख्य कारण प्रशासन की ओर से समय पर नालों की सफाई व अन्य व्यवस्था न करना है। बरसात के कारण पैदा होने वाली जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को एडीसी एवं जिला नगरायुक्त अनुपमा अंजलि ने शहर के नालों की सफाई का जायजा लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए, अगर जलभराव होता है तो इसके लिए विभाग जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि शहर में कोई भी नाला बिना सफाई के नहीं रहना चाहिए। मानसून सीजन में बरसात के कारण जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए टीम पूरी तरह अलर्ट रहें और फील्ड में जाकर संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करें ताकि जिला में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। एडीसी अंजलि ने जनस्वास्थ्य विभाग, शहरी निकाय व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव की स्थिति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि नागरिकों को बरसात के कारण किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े और यह तभी संभव है जब संबंधित विभाग आपसी तालमेल व समन्वय से कार्य करते हुए स्थिति पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि विभाग जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए कर्मचारियों को जल निकासी के लिए उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराएं।

### नालों की सफाई के कारण न हो जलभराव

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में जलभराव की मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए नगर परिषद, सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग के साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जल निकासी के लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण जहां कहीं भी जलभराव की स्थिति पैदा होती है वहां विभाग जल निकासी के लिए तत्परता से कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई न होने के कारण जलभराव न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी नाले साफ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि एमसी एरिये में बहुत सी ऐसी जगह है जहां पर जलभराव की अधिक समस्या है। इन सभी जगहों पर मेनपावर लगाने के साथ-साथ पंप सेट भी लगाए जाएं।

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को मिलेगा नकद पुरस्कार

- जिले के खिलाड़ी खेल अधिकारी के पास 30 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

**रेवाड़ी।** प्रदेश के खेल विभाग की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है। पात्र खिलाड़ी नकद पुरस्कार के लिए अपने आवेदन पत्र जिला खेल अधिकारी के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि इस योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई है। पुरस्कार के लिए केवल वही खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर हुई विभिन्न खेलों में खेल उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदन के साथ खिलाड़ी को उच्चतम उपलब्धियों की सत्यापित छाया प्रति, खिलाड़ी का बैंक खाता संख्या, आधार कार्ड, पैन कार्ड, खिलाड़ी का रिहायशी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान की छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अति-आवश्यक हैं। इसके अलावा एक शपथ पत्र भी देना होगा कि खिलाड़ी डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव नहीं मिला है।

## भागवत गीता सत्र में बच्चों को मिल रहा संस्कारिक ज्ञान



रेवाड़ी। स्वर्ण जयंती पार्क में मौजूद युवा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

स्वर्ण जयंती पार्क में चल रहे श्रीमद् भागवत गीता सत्र में शुक्रवार को शिक्षक यतीश सिंघल ने बताया कि अगर हम किसी भी परिस्थिति में अपने आप से सवाल करें कि क्या हो रहा है और क्या होना चाहिए और जो हो रहा है उसके कारण का पता करें तो हम किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। शिक्षक यतीश सिंघल ने गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को 30 दिन में भागवत गीता पढ़ाने का संकल्प लिया था। यह यात्रा पंद्रह अध्याय तक आ पहुंची है और इस यात्रा में अनेक बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हो चुके हैं। यतीश सिंघल ने कहा कि हमें जरूरत है, ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर करने की, जिससे बच्चों में हमारे संस्कार व हमारी शिक्षा सही रूप से पहुंच सकें। इस मौके पर सुहान, प्रियांशु, हिमांशु, सुयश, ललित कुमार अरोड़ा, विपुल, चेतन और वंश मौजूद थे।

## छुरियावास के अंडरपास में भरे पानी के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। अंडरपास में जमा बरसाती पानी। फोटो : हरिभूमि

गांव छुरियावास से गुजर रही दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर के रेललाइन के नीचे बने अंडरपास में बरसाती पानी भरा रहने की वजह से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही है।

ग्रामीण अशोक, करतार, रामकिशन पूर्व पंच, देवेंद्र, रामनिवास, ललित व अनिल चौकीदार ने बताया कि गांव छुरियावास को आने और जाने का एकमात्र रास्ता अंडरपास है,जिसमें गत दिवस हुई बारिश से पानी भर गया है, जिसकी वजह से नौकरी पेशा लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सरपंच नीलम व मुकेश यादव ने बताया कि ग्रामीणों की यह समस्या काफी समय से है। बरसात होने के बाद सारा अंडरपास पानी से भर जाता है। सरपंच ने कहा कि अंडरपास की सड़क को नीचा बना देने के कारण पानी जमा हो रहा है, अगर इस को लेवल किया जाए तो वाहनों के निकलने मे परेशानी होगी। इसलिए इसेक दोनों ओर फुटपाथ बनाकर रेलिंग लगा दी जाए, जिससे पैदल जाने वाले लोग निकल सकें। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से इस समस्या के जल्द समाधान की गुहार लगाई है।

## न्यूज डायरी

### कोसली पीडब्ल्यूडी से सेवानिवृत्त हुए जेई को दी विदाई



**कोसली।** कोसली लोक निर्माण विभाग में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत नरेश शर्मा 31 वर्ष की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ व सुखद जीवन की कामना की। विभाग के अधीक्षक अभियंता मनोज ओला, कार्यकारी अभियंता आदित्य देशवाल व सोमवीर दहिया, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, मंगतराम, रामनिवास, संजय यादव, जेई परमजीत, मनोज कुमार, अनिल यादव, कली गोयल व रविन्द्र कुमार ने उनका फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विभाग के अधीक्षक अभियंता मनोज ओला ने जेई नरेश शर्मा को मिलनसार, नेक दिल इंसान व बेहतरीन इंजीनियर बताया। रोहतक जिले के गांव धामड निवासी नरेश शर्मा लोक निर्माण विभाग रोहतक में 31 मार्च 1993 को बतौर वर्क सुपरवाइजर पद पर नियुक्त हुए थे और उसके बाद वर्तमान में कनिष्ठ अभियंता पद पर कार्यरत थे।

### सनग्लो स्कूल के कैडेट्स का कैंप में शानदार प्रदर्शन



**रेवाड़ी।** नारनौल रोड़ स्थित सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल के कैडेट्स ने 8 हरियाणा बटालियन एनसीसी के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लिया, जिसका आयोजन यदुवंशी स्कूल में किया गया। कैंप का संचालन कर्नल वी एम सिंह ने किया। कैंप में शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रील, मैप रीडिंग, व्यक्तित्व विकास व फायरिंग सहित अनेक खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। इस कैंप में सनग्लो स्कूल के कैडेट्स हंस तथा लक्ष्य ने सहायक एनसीसी अधिकारी रामशरण के नेतृत्व में वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। ड्रील प्रतियोगिता में कैडेट लक्ष्य ने ब्रेवो कंपनी का नेतृत्व किया तथा वालीबॉल प्रतियोगिता में कैडेट देवांक ने नेतृत्व किया। कैडेट सुयश, गौतम, दिपांशु, नितेश, आलोक व सनद ने कैंप में उतकृष्ट प्रदर्शन किया।

### एसपी व डीएसपी को तबादले पर दी विदाई



**रेवाड़ी।** एसपी शशांक कुमार सावन के जिला झज्जर में डीसीपी हैडक्वार्टर पद पर और डीएसपी कोसली जयसिंह का गुरुग्राम में एसीपी पद पर स्थानांतरण होने पर जिला पुलिस लाइन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी, डीएसपी हैडक्वार्टर पवन कुमार, सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज, सीआईए इंचार्ज और एसपी कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर डीएसपी चौधरी ने कहा कि स्थानांतरण एक सेवा की प्रक्रिया है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिले में कम समय में अपनी अच्छी कार्यशैली की छाप छोड़ी ह। एसपी शशांक ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कभी-कभी अधीनस्थों के साथ कड़ा रुख अख्तियार करना पड़ता है। जो मजबूरी होती है।

## सुदर्शन क्रिया के नित्य अभ्यास से आती है जीवन में स्थिरता व प्रसन्नता : भारद्वाज



**रेवाड़ी।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर गढी बोलनी रोड स्थित सोसायटी में चलाए जा रहे हैप्पीनेस प्रोग्राम के चौथे दिन सभी साधकों को आसन, प्राणायाम व ध्यान के साथ सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया गया। शिक्षक प्रवीण ने सभी साधकों को अभ्सास कराया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अक्सर हम अपने जीवन में तनाव के कारण होने वाले प्रभाव से अपरिचित रहते हैं। जीवन में नित्य सुदर्शन क्रिया अभ्यास से रोजाना की चुनौतियों का सामना करने का व्यवहारिक ज्ञान में इजाफा होता है, तनाव दूर होता है, बेहतर कार्यकुशलता के साथ दृष्टि में स्पष्टता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। विद्यार्थियों और विशेष रूप से किशोर अवस्था वाले बच्चों की उम्र में ही यह प्रोग्राम अवश्य करना चाहिए, जिससे उनकी शिक्षा तो बेहतर होती ही है व साथ-साथ आंतरिक और बाहरी व्यक्तित्व का विकास भी होता है। कार्यक्रम में सुधीर, संदीप यादव, लाल किशन व नवीन आदि सहयोग कर रहे है। भारद्वाज ने सोसायटी के मैनेजर देवेन्द्र, रेनू, नरेश, प्रमोद व निदेशक त्रिलोक चन्द शर्मा का सहयोग करने का आभार जताया है।

## बाजार में सीसी रोड बनाने की मांग को लेकर नप चेयरपर्सन को सौंपा ज्ञापन



**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ व बाजार के प्रधानों की ओर से शुक्रवार को मुख्यमंत्री, निदेशक निकाय निदेशालय व जिला उपायुक्त के नाम डीडीपीओ नरेन्द्र सरवान व नप चेयरपर्सन पूनत यादव को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र वशिष्ठ व जिला प्रधान दीपेश भार्गव ने कहा कि अग्रसेन चौक से झज्जर चौक व काठमंडी तक लगभग 1000 दुकानें हैं। नगर परिषद के सूत्रों के अनुसार सीएम अनाउंसमेंट से अग्रसेन चौक भाड़ावास रोड से झज्जर चौक वाया मोती चौक और रेलवे रोड बारा हजारी तक सड़क की मंजूरी दी गई है तथा यह सड़कें टाईल से बनने जा रही है। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ व बाजार की सभी ट्रेड एसोसिएशन टाईल की सड़क के खिलाफ है, क्योंकि बाजार में पहले सीसी रोड बना हुआ है, क्योंकि यह मैन बाजार है और एक टाइल उखाड़ने पर पूरा रोड खराब हो जाता है। इसलिए टाईल रोड को सीसी रोड में कन्वर्ट किया जाए। ट्रेड एसोसिएशन की ओर से बाजार में टाईल की सड़क नहीं बनने दी जाएगी, जिसके लिए सरकार व प्रशासन का विरोध किया जाएगा। इस मौके पर पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विनोद अरोड़ा, उपप्रधान लव खरबंदा, सदर बाजार एसोसिएशन प्रधान राकेश जैन, जगन्नाथ व जय नारायण पुरानी सब्जी मंडी, नेतराम व पहलाद राम मोती चौक, हीरालाल मोती चौक, चंदूलाल, अभिषेक गुप्ता, हेमंत ग्रोवर, तिलकराज व नितिन सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कॉलोनी में नपा ने हटाया अतिक्रमण मकानों के बाहर अवैध निर्माण तोड़े



**धारूहेड़ा।** शुक्रवार को धारूहेड़ा के सोहना रोड स्थित वार्ड नंबर 6 में नगरपालिका की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान नपा की टीम ने जेसीबी की सहायता से मकानों के बाहर सड़क पर बने रैंप व सीढ़ियों को तोड़ दिया। इस दौरान लोगों ने नगरपालिका की कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन जेसीबी चलती रही और सड़क के सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया।

शुक्रवार को बीआई सत्यप्रकाश अपनी टीम के साथ सोहना रोड स्थित वार्ड नंबर 6 में पहुंचे और मकानों के बाहर किए गए अवैध निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन नपा की टीम ने मकानों के बाहर सड़क पर बनाए गए अवैध रैंप, सीढ़ियों व चबुतरों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। बीआई ने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों अपनी व अन्य लोगों की सुविधा के लिए सड़क पर अवैध निर्माण करने से बचे।

## समारोह

### ब्रिक्स खेलों में पदक जीतने वाली ईसा कलकल का गांव में जोरदार स्वागत

# महिला सशक्तिकरण पर पूरा जोर दे रही सरकार: डा. बनवारीलाल







रेवाड़ी। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डा. बनवारीलाल, ईसा यादव की जीत पर गांव में निकाले जुलूस का दृश्य तथा ईसा कलकल का मालाओं से स्वागत करते महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- तिहाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने की ईसा की खूब सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डा. बनवारीलाल ने कहा कि समाज में लड़कियों को लेकर बदलती सोच के कारण आज बेटियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इलाके और अपने गांवों का नाम रोशन कर रही हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक कदम उठा रही हैं, जिससे 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' मिशन को तेजी से सफलता मिल रही है। डा. बनवारीलाल ब्रिक्स-2024 खेलों में पदक जीतकर लौटी तिहाड़ा की ईसा कलकल के सम्मान में गांव में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। डा. बनवारीलाल ने कहा कि आज जमाना बदल रहा है। समाज के लोगों में बेटियों की प्रति सोच में तेजी से बदलाव आ रहा है। बेटियां भी हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। वह यह साबित कर रही हैं कि वह किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। पदक जीतकर लौटी ईसा कलकल को बधाई देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गांव की इस बेटी ने पूरे इलाके का देश और विदेश में गौरव बढ़ाने का काम किया है।

ऐसे माता-पिता धन्य होते हैं, जिनकी बेटियां इस तरह की उपलब्धियां हासिल करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक ऐसी योजनाएं चलाई हुई हैं, जिससे बेटी को आगे बढ़ाने में पूरी मदद मिलती है। सरकार का प्रयास है कि महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाया जाए। ईसा जैसी बेटियां इलाके और समाज के लिए आदर्श साबित हो रही हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री जसवंत सिंह, बावल नपा चेयरमैन विरेंद्र सिंह महलावत, राजपाल, ईसा के पिता अशोक, दादा जगमोहन गांव के सरपंच व कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों ने बैठाया लाडली को सिर-आंखों पर

ईसा कलकल के पदक जीतने के बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने अपनी लाडली को सिर-आंखों में बैठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ईसा के सम्मान में ग्रामीणों ने विजय जुलूस निकालते हुए जीत का जमकर जश्न मनाया। ईसा की दादी रोशनी देवी के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने भी ईसा का नोटों व फूलों की मालाओं से सम्मान किया। ईसा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता व दादा-दादी के साथ- साथ कोच राज यादव को भी दिया है।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए जांच का बहुत महत्व: डा. सुषमा

**कोसली।** कोसली की सामाजिक संस्था ह्यूमैनिटी की ओर से साल्हावास पुलिस स्टेशन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ सुषमा यादव व उनकी टीम से 40 महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की जांच की। संस्था की अध्यक्ष डा. सुषमा यादव ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए समय-समय पर जांच व उपचार का बहुत महत्व है। यदि व्यक्ति बीमार है तो उसे तुरंत योग्य चिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। किसी भी बीमारी को छोटा समझना वह उसकी उपेक्षा करना खतरनाक हो सकता है।

**सूचना**

मैं, बिरेन्द्र सिंह पुत्र श्री राम निवास, निवासी गांव मुमताजपुर तह नाहड़ जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि भारतीय सेना से 31-10-1994 को सेवानिवृत्त हो चुके मेरे पिता हवलदार रामनिवास के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम विरेन्द्र सिंह(Virender Singh)दर्ज है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम बिरेन्द्र सिंह (Birender Singh) है। दोनों नाम बिरेन्द्र सिंह व विरेन्द्र सिंह, एक ही व्यक्ति के यानि मेरे हैं तथा मुझे दोनों नामों से जाना जाता है।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** गोकलगढ़ में घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को सदर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित ने पुलिस बयान में गांव निवासी आदित्य उर्फ माया पर आरोप लगाया था कि उसने घर में घुसकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी आदित्य को गिरफ्तार कर लिया।

### कार एजेंसी के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर चोर एक कार एजेंसी के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में नई बस्ती निवासी नारायण ने बताया कि वह कार एजेंसी पर मैकेनिक है। घर से बाइक लेकर वह एजेंसी पर गया था। बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह अंदर अपने काम पर चला गया। शाम के घर जाने के लिए वह एजेंसी से बाहर निकला तो उसे बाइक नहीं मिली। मॉडल टाउन पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट व छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ करने और मारपीट करते हुए धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब एक आरोपी धर्मपाल को गिरफ्तार किया गया है।

### कार एजेंसी के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड पर चोर एक कार एजेंसी के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी कर ले गए। लिलोढ़ निवासी सुनील ने सिटी पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह किसी काम से घर से स्कूटी लेकर कार एजेंसी में आया था। यह स्कूटी उसकी पत्नी मनीता के नाम पर पंजीकृत है। एजेंसी के बाहर स्कूटी खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। करीब 20 मिनट बाद बाहर आया तो उसे स्कूटी नहीं मिली। आसपास पता करने के बाद भी स्कूटी का सुराग नहीं लगा।

### दहेज उत्पीड़न के मामलों में आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर 2 अप्रैल को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी टिंकू को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत 11 जून को दर्ज किए गए दहेज उत्पीड़न के मामले में महेंद्रगढ़ के जाखनी निवासी पूनम देवी को गिरफ्तार किया है।

### रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी बाइक ले गए

**रेवाड़ी।** रेलवे चौक के पास चोर एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में बावल के हसनपुरा मोहल्ला निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह एक रेस्टोरेंट पर सामान लेने के लिए घर से बाइक पर आया था। बाइक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर सामान लेने के लिए चला गया। 15 मिनट बाद बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। रेस्टोरेंट के सीसीटीवी कैमरे में बाइक चोर नजर आ रहा है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी।

### पाइप काटकर किसान का पंप ले गए चोर

**जाटूसाना।** कन्होरी में चोर एक किसान का पंप सेट चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सतबीर ने बताया कि वह देर रात तक अपने नलकूप पर मौजूद था। इसके बाद वह अपने घर चला गया। सुबह जब नलकूप पर गया तो बोर में लगी मोटर गायब मिली। चोर मोटर के दोनों ओर लगे पाइप काटकर मोटर चोरी कर ले गए। आसपास के किसानों से पता करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया।

---

जोड़ों में दर्द होने पर मरीज डॉक्टर की सलाह पर ही लें पेन किलर: डॉ भीष्म पंवार

# बरसात के मौसम में कमर, गर्दन व घुटने के दर्द के मरीजों की बढ़ रही ओपीडी

- ऑथोपेडिक सर्जन डॉ भीष्म पंवार ने कहा कि अगर जोड़ों में गंभीर दर्द किसी चोट या आघात से जुड़ा है तो व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

ट्रामा सेंटर में आर्थोपेडिक ओपीडी में रोजाना सर्वाइकल व जोड़ों के दर्द से परेशान मरीज आ रहे है। इन दिनों हड्डी रोग के मरीजों की ओपीडी काफी बढ़ रही है। ऑथोपेडिक सर्जन डॉ भीष्म पंवार ने कहा कि अगर जोड़ों में गंभीर दर्द किसी चोट या आघात से जुड़ा है तो व्यक्ति को तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। मरीज अपनी मर्जी से पेन किलर न लें।

डॉ पंवार ने बताया कि ज्यादातर मरीज कमर दर्द, गर्दन दर्द, घुटने एवं कूल्हे की हड्डी से संबंधित आ रहे हैं। उन्होंने कहा की हड्डी और जोड़ो के दर्द और सर्वाइकल की स्थिति में बिना चिकित्सक की सलाह के कोई भी अभ्यास या योग न करें तथा अपनी मर्जी से कोई भी दवा न लें, क्योंकि यह दोनों मरीज के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि आजकल युवा अत्यधिक परिश्रम करने में लगे रहते है। कंप्यूटर पर बहुत अधिक समय तक काम करना और स्मार्टफोन का उपयोग करना गर्दन की मांसपेशियों में खिंचाव पैदा कर सकता है, जिससे गर्दन में दर्द हो सकता है, जिसका उपचार चिकित्सक की सलाह पर घर पर आराम करने और हल्के दर्द निवारक दवाओं से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में लोगों को विशेष एतिहात बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि बारिश के मौसम में जोड़ो और हड्डियों में भयंकर दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और चोट का अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि 80 पर्सेंट किशोरों से लेकर बुजुर्गों तक पीठ के निचले हिस्से या ऊपरी हिस्से में दर्द का अनुभव करते है। यह सब देर तक बैठना, रसोई में काम करते रहना, वजन उठाना या बहुत अधिक व्यायाम करने से होता है। उन्होंने बताया ओपीडी में रोजाना 300 मरीज इन्ही परेशानियों के आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से हल्का व्यायाम करने, योग को जीवन में शामिल करने तथा संयम से रहने की सलाह दी है।



रेवाड़ी। मरीजों को परामर्श देते हुए डॉ भीष्म पंवार तथा महिला को सलाह देते हुए डॉ निशा तिगड़ानिया। फोटो : हरिभूमि

### सौ लोग रोज करा रहे फिजियोथैरेपी

ट्रामा सेंटर स्थित फिजियोथैरेपी सेंटर में रोजाना 100 के करीब मरीज जोड़ों में दर्द, सर्वाइकल व घुटनों के दर्द के आ रहे है, जिनको दर्द से निजात पाने के लिए नियमित सिकाई कराने की सलादी जा रही है। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ निशा तिगड़ानिया ने बताया कि बरसात के मौसम में शरीर के कई हिस्सों में दर्द की समस्या हो जाती है। काफी मरीजों में पुरानी चोट का दर्द भी उभर जाता है। इस परेशानी के लिए मरीज को नियमित फिजियोथैरेपी कराकर घर में भी योग का सहारा लेना चाहिए।


रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में आपीडी में लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

---


रेवाड़ी। नागरिकों की समस्या सुनते हुए डीसी व एडीसी। फोटो : हरिभूमि

## नागरिकों की शिकायतों का गंभीरता से निवारण करें अधिकारी: राहुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समाधान करना है

जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हाल में डीसी राहुल हुड्डा व एडीसी अनुपमा अंजलि की ओर से आमजन की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समाधान किया जा रहा है। शुक्रवार को डीसी व एडीसी ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और प्राथमिकता के साथ समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है।

डीसी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं, नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो नागरिक समाधान शिविर में लेकर आ सकते है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समाधान करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को हर शिकायत का पूरी गंभीरता के साथ निवारण करने के निर्देश दिए।

---

## मकान से चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने नया बाजार में एक मकान से जेवरात चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस शिकायत में रेशमा देवी ने बताया था कि उसकी नया बाजार में दुकान और दुकान के ऊपर मकान है। उसकी दुकान पर विजय नगर निवासी कुलदीप हेल्प कराने के लिए आता था। बीच-बीच में वह मकान में भी जाता रहता था। उसके मकान से सोने का लॉकेट, टॉप्स व कड़े चोरी हो गए। उसने पुलिस को बताया कि अपने स्तर पर पड़ताल करने के बाद पाया गया कुलदीप चोरी की वारदात के बाद हरिद्वार घूमने के लिए चला गया। उसने महंगा मोबाइल फोन खरीद लिया। उसे विश्वास है कि कुलदीप ने ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर 27 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने राधाकृष्ण कॉलोनी निवासी कुलदीप व चंदन और बारा हजारी चौक निवासी नरेंद्र को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से जेवरात भी बरामद किए है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया है।


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### यादव सभा का फ्री हेल्थ जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 30 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन मेंफ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। कैंप में सभी मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान की जाएगी। सभा के प्रवक्ता प्रोफेसर सतीश यादव ने बताया कि शिविर मे डॉ रविराव मेडिसिन, डॉ अजय यादव हड्डीरोग, डॉ अभिनव राव सर्जरी, डॉ अनिल यादव दंतरोग, डॉ गौतम यादव नेत्ररोग व डॉ सुरेन्द्र यादव स्त्रीरोग में ओपीडी सेवाएं देंगे।

## गढ़ी बोलनी रोड़ पर लगी स्ट्रीट लाइट चालू कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

वर्ष 2018 से शहर के गढ़ी बोलनी रोड़ स्थित राजेश पायलट चौक से लेकर सोमाणी कॉलेज चौक होते हुए कसोला चौक तक स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थी, जोकि कुछ समय तक ठीक से जगमगाने के बाद से बिल्कुल बंद पड़ी हुई हैं। राष्ट्रीय नवचेतना मंच के गढ़ी बोलनी सैल प्रभारी धमेन्द्र बैरियावास ने मुख्यमंत्री नायब सैनी व जिला प्रशासन को पत्र लिखकर इन लाइटों को चालू कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जनहित में इन लाइटों के बंद रहने से सड़क मार्ग पर दुर्घटनाएं होने का अंदेशा लगातार बना रहता है। इस मार्ग पर 24 घंटे यातायात बना रहता है। उन्होंने कहा कि अंधेरा रहने के साथ सड़क मार्ग पर अक्सर बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से लोग चिंतित रहते हैं।

---

## महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध व नशे की रोकथाम करना पहली प्राथमिकता: राजपुरोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- 2018 बैच के आईपीएस अधिकारीएसपी गौरव राजपुरोहित ने संभाला जिले का कार्यभार, सोनीपत डीसीपी ईस्ट के पद पर थे कार्यरत

सोनीपत से स्थानांतरित होकर आए 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी एसपी गौरव राजपुरोहित ने शुक्रवार को जिले का कार्यभार संभाल लिया है। एसपी राजपुरोहित को एसपी शशांक कुमार सावन के जिला झज्जर में डीसीपी हैडक्वार्टर के पद तबादला होने पर नियुक्ति दी गई है। लघु सचिवालय पहुंचने पर डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, डीएसपी ट्रैफिक आशीष चौधरी, व सभी शाखा इंचार्जों ने एसपी राजपुरोहित का बुक्के भेंटकर स्वागत किया। नवनियुक्त एसपी को लघु सचिवालय में गार्ड ऑफ आनर भी दिया गया। एसपी गौरव राजपुरोहित 2018 बैच के पुलिस अधिकारी हैं। वह दिल्ली आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से बीटेक हैं। उन्होंने डीसीपी ईस्ट सोनीपत के अलावा एएसपी असंध के तौर पर भी सेवाएं दी हैं। एसपी गौरव राजस्थान के जोधपुर जिले के फलौदी कस्बे के छोटे से गांव फूलासर के रहने वाले है। करीब 6 साल पहले सिविल सेवा परीक्षा में राजपुरोहित ने 185वीं रैंक हासिल की थी। एसपी पुरोहित के पिता गुमान सिंह रिटायर्ड तहसीलदार हैं।



कार्यभार संभालते ही उन्होंने सभी डीएसपी के साथ वार्ता करके जिले की सुरक्षा संबंधी जानकारी ली और क्राइम कंट्रोल करने के लिए कड़े निर्देश दिए। एसपी राजपुरोहित ने कहा कि जिले को अपराध मुक्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा, बढ़ते साइबर अपराध व नशे की रोकथाम करना उनकी पहली प्राथमिकता रहगी। एसपी ने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी पुलिस प्रशासन की ओर से हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से लागू होने वाले तीन नए कानूनों को भी जिले में सफलता पूर्वक लागू कराया जायगा ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई का सामाना न करना पड़े, जिसके लिए पुलिस की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली गई है।


रेवाड़ी। कॉलोनी अप्रूव्ड होने पर खुशी मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कॉलोनी अप्रूव्ड होने पर मिठाई बांटकर मनाई खुशी

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से जिले की 9 कॉलोनियों को नियमित करने की अधिसूचना जारी करने पर कॉलोनिवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया गया। इन अप्रूव्ड की गई 9 कॉलोनियों में से 2 कॉलोनियां भक्ति नगर कॉलोनी और युगल विहार कॉलोनी ढालियावास पंचायत के अधीन आती है। हरियाणा सरकार के इस फैसले से कॉलोनीवासियों ने आशा व्यक्त की कि जल्द ही कॉलोनी में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर धर्मपाल, एक्स सरपंच प्रदीप यादव, सरपंच प्रतिनिधि बलराज, कैप्टन वेदप्रकाश, भगतसिंह सांभरिया प्रधान सेवा स्तंभ, राजसिंह, बलबीर सिंह, कंवल सिंह, सत्यवीर यादव, नरेंद्र यादव, रणबीर सिंह, सुरेश कुमार, सोहनपाल, मास्टर कंवर सिंह, जयचंद, सत्यदेव सिंह, बाबूलाल, जयदेव, महेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह व रामचंद्र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

एक सप्ताह तक झमाझम बरसात होने का अनुमान

# हल्की बरसात से मानसून का आगाज पारा पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

आईएमडी की ओर से मानसून के आगाज की घोषणा कर दी गई है। हल्की बरसात के बाद साथ ही मानूसन का आगाज हो गया है। एक सप्ताह तक झमाझम बरसात की संभावना जताई जा रही है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकेगी। हल्की बरसात के साथ मानसून की शुरूआत हुई है। जल्द ही अच्छी बरसात होने की संभावना है। पारा पांच डिग्री तक लुढ़कने के बाद भारी गर्मी से राहत मिली है।

शुक्रवार को दोपहर तक आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप निकली रही। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी से ज्यादा रहा, जिस कारण दोपहर बाद तक उमस भरी गर्मी पसीना निकालती रही। गर्म हवाओं से मौसम चिपचिपा बना रहा। दोपहर बाद आसमान में गहरे बादल छाने शुरू हो गए। प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बरसात हुई, जबकि जिले के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बरसात हुई। अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 32.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिन भर गर्मी का सामना कर चुके लोगों को शाम के समय सुहाने मौसम ने गर्मी से निजात दिला दी। मौसम विभाग के अनुसार लगभग एक सप्ताह तक मौसम इसी तरह का बना रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं हल्की, तो तेज बरसात हो सकती है। झमाझम बरसात का सिलसिला जल्द शुरू हो सकता है, जो उमस और गर्मी से राहत दिलाएगा। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इस साल गर्मी काफी लंबी चली है। मई सूखी निकलने के बाद जून माह के अंत में मौसम में बदलाव आया है।


रेवाड़ी। शुक्रवार को आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### अनावश्यक पावर कटों से निजात

मौसम में बदलाव के साथ जिले में बिजली की खपत में भी कमी दर्ज की जाने लगी है। इस बार जून माह के दूसरे पखवाड़े में भारी गर्मी के चलते बिजली की खपत 1 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई थी। ओवरलोडिंग के कारण कई फीडरों में कट भी लगाए गए। अब बिजली की खपत में लगभग 10 लाख यूनिट तक कमी आई है। निगम अधिकारियों के अनुसार बरसात का सिलसिला शुरू होने के बाद बिजली की खपत 50 से 60 यूनिट तक पहुंच जाएगी। इससे लोगों को पावर कटों से निजात मिल सकेगी।

### किसानों को अच्छी बरसात की उम्मीद

मौसम में बदलाव ने किसानों के चेहरों पर अच्छी बरसात की उम्मीद पैदा कर दी है। अभी तक मौसम की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ाई हुई थी। बीते साल मई माह के अंत में अच्छी बरसात हुई थी, जिससे किसानों ने बाजरे की अगेती बिजाई कर दी थी। इस बार बरसात करीब एक माह बाद शुरू हो रही है। अभी भी बाजरे की बिजाई में देरी नहीं हुई है। किसानों ने खेत तैयार किए हुए हैं। बरसात होने के साथ ही बिजाई शुरू हो जाएगी।

---


रेवाड़ी। कर्मचारियों को संबोधित करते प्रधान धनराज। फोटो : हरिभूमि

## बयानबाजी के बजाय मांगों को पूरा करे सरकार: धनराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सर्व कर्मचारी संघ की मीटिंग शुक्रवार को प्रधान धनराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संजय कुमार सैनी एएचपीसी वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार ने किया। इस मौके पर जिला प्रधान धनराज ने कहा कि सरकार कर्मचारियों कि मांग और मुद्दों को लेकर बयानबाजी कर रही है। सरकार कर्मचारियों क हितेशी है तो विधान सभा चुनाव से पहले बयानबाजी करने की बजाय उनकी मागों को पूरा करें। प्रदेश भर के विभागों में लगे कच्चे, पार्ट टाइम, एचकेआरएन, डिसी रेट व एडहोक सभी कर्मचारियों को पक्का करें। संघ हरियाणा के संगठन कर्ता सुरेश कुमार नौयरा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों कि मागों का समाधान करने कि बजाय कर्मचारियों पर अपना भय का माहौल बनाने का कोशिश कर रही है। इसमें हरियाणा प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष है। ऑल हरियाणा पॉवर कोपोरेशन वर्कर यूनियन के राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान सुदामपाल ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा आने वाले विधान सभा में उसी राजनैतिक पार्टी को वोट करेगा जो कर्मचारियों कि मांगों को पूरा करेगा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सर्कल सचिव नवीन कुमार यादव, मोहन लाल बावलियां बावल, पवन कुमार यादव सिंचाई जिला प्रधान, सुमित्रा देवी राज्य उपसचिव, होशियार सिंह खोल, रामकुवार, विक्रम लेबर यूनियन जिला प्रधान, पूनम नगर पालिका, महाबीर, मनीष कुमार, शीशराम यूनिट प्रधान कोसली, राहुल यादव, राजपाल, सुनीता, बिमला,गज्जे सिंह, कमल कुमार, शमशेर सिंह, बिंदर, बलदेव यादव, देविन्द्र शर्मा व माया देवी मौजूद थे।